हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री



10 राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के ...


10 बादल में धान उठाव ठप, 44 हजार क्विंटल खुले में होने...


## खबर संक्षेप

### कोड़ेकुर्सी में आज से सजेगा वार्षिक मेला



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी में आज 25 फरवरी से दो दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। सरपंच साधना सहारे ने बताया कि यह मेला गांव की परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। जनपद सदस्य अमृत कोटिगला ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं तथा ग्रामीण संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं। उपसरपंच जगदेर दुग्गा एवं संरक्षक अजीत हिडको तथा पवन हिडको ने जानकारी दी कि मेले में स्थानीय व्यापारियों को विशेष अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवश्यक वस्तुएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

### किसान मोर्चा ने साल्हेटोला में लगायी जनचौपाल



**कांकेर।** केंद्र सरकार की योजना जीबी राम जी के तहत ग्राम साल्हेटोला में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों से चर्चा की गई। 125 दिन काम, ग्राम सभा को दिए गए अधिकार और देरी पर भुगतान, जल समस्या निवारण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र बंटी ठाकुर के निर्देश पर पदाधिकारी 5 ग्राम पंचायत में जाकर ग्रामीण जनों से मुलाकात की किया। कार्यक्रम में योगेश्वरनंद योगी, किसान मोर्चा महामंत्री खेम तिवारी, जिला मंत्री विजयेंद्र कुमार सिन्हा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष वासु साहू, सत्कार पटेल, टीकम तारम, युवराज सेन व अन्य मजदूर उपस्थित रहे।

### वार्षिक मेला का शुभारंभ श्रद्धा और परंपरा का संगम



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहेली में 24 फरवरी को दो दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामवासियों द्वारा ग्राम पंचायत के तत्वाधान में किया गया। मेले का शुभारंभ ग्राम के देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गायता पटेल द्वारा किया गया। पूजा-अर्चना उपरांत पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मेला स्थल की ढाई चक्कर परिक्रमा की गई। इस शुभ अवसर पर आसपास के ग्रामों के देवी-देवताओं के प्रतिनिधि, गायता पटेल, सिरहा, गुनिया, बैगा एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### युवक की हुई मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर के स्टाप ने 23 फरवरी को दोपहर बाद पुलिस को जानकारी दिया कि संजयपारा थाना पखांजुर 19 वर्षीय संतोष यादव पिता एकनाथ यादव की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## बजट : अनुसूचित क्षेत्र के विकास के लिए अलग से किया गया प्रावधान

# किसान, ग्रामीण और युवाओं का उत्थान करेगा 'संकल्प', कांकेर का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भाजपा की नई सरकार बनने के बाद कैबिनेट की मंजूरी के बाद बजट को विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने कार्यकाल का तीसरा बजट 24 फरवरी को पेश किया। वित्त मंत्री ने संकल्प थीम पर बजट पेश किया।

छत्तीसगढ़ की विद्रणुदेव सरकार का तीसरा और राज्य का 26 वां बजट 24 फरवरी को पेश किया गया। साल 2024-25 में 1 लाख 47 हजार 446 करोड़ का बजट था, वहीं 2025-26 का बजट 1 लाख 65 हजार 100 करोड़ का प्रावधान रखा गया था। वित्त मंत्री ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1.72 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया. यह बजट संकल्प थीम पर आधारित है, जिसमें समावेशी विकास, अवसंरचना को तेज करना और निवेश को बढ़ावा देना शामिल है। खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बस्तर और सरगुजा ओलंपिक के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बस्तर नेट परियोजना के लिए पांच करोड़ रुपये देकर दूरदराज इलाकों में डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत की जाएगी।

**खास बातें**

- किसानों व युवाओं का ध्यान, प्रदेश में बनेगा महिला सदन
- नगरीय निकायों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का रखा ध्यान




### महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट



भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पेश किया गया बजट छत्तीसगढ़ की महतारी को समर्पित बजट है। महिला सशक्तिकरण को मजबूती देते हुए सरकार ने महतारी वंदन योजना के तहत अब तक 70 लाख महिलाओं को 14 हजार करोड़ रुपये वितरित किए जाने की जानकारी दी। नए बजट में इस योजना के लिए 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री लखपति दीदी भ्रमण योजना और महतारी सदन के लिए 275 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। बालिकाओं के जन्म पर दुर्गावती योजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 1.50 लाख रुपए दिए जाएंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में 5 नई आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 42 करोड़ की घोषणा की गई। प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

### भाजपा गढ़बो से पहले करबो पर देंगी ध्यान



*नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरूण कौशिक ने कहा कि पिछली सरकार ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का ख्याली पुलाव परोसा और नतीजा निकला बोरबो छत्तीसगढ़। उसी का परिणाम रहा कि कांकेर नगरीय निकाय में बदलबो फार्मूला चला। प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ने तीसरा बजट पेश किया, नगर पालिका और नगर पंचायत उत्थान के लिए मुख्यमंत्री आदर्श योजना के लिए 200 करोड़, इससे नगर का विकास बहुत अच्छे ढंग से किए जाने में मदद मिलेगी। पीएम आवास योजना में हितग्राहियों को रियायत मिलने वाली है।*

### सर्व समाज के विकास को देगा नई दिशा



*मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि छग का बजट सर्व समाज के विकास को नई दिशा देने वाला बजट है । भाजपा हमेशा जनता के विकास के लिये सोचती भी है और करती भी है । उन्होने कहा कि खाद्यान्न योजना मुफ्त चावल और अन्य राशन के लिए 5000 करोड़ का प्रावधान रखा है। पेंशन विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों के लिए 1422 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है ।*

### आम लोगों के जीवन में आएगा सकारात्मक बदलाव



विधानसभा में बजट पेश होने के उपरांत अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने हरिभूमि से पर बात करते हुए कहा कि सरकार का तीसरा बजट नए विधानसभा भवन में पेश किया गया है, जो विकसित छत्तीसगढ़ के विजन को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, सुशासन और जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगा और इससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। साय सरकार का यह तीसरा बजट 1.72 लाख करोड़ का बजट है। यह बजट छत्तीसगढ़ की दिशा और दशा तय करने वाला साबित होगा। कांकेर जिला में मेढ़की बैराज को लिया गया, इससे क्षेत्र के 10 हजार किसानों के खेतों के सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इसके अलावा कांकेर जिला को नर्सिंग कालेज की भी घोषणा किया गया।

### बजट में हर वर्ग का रखा गया ध्यान



कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि यह विष्णुदेव साय सरकार का बजट है। यह हमारी सरकार का विजन डाक्यूमेंट भी है। 2026-27 का बजट राज्य के सुशासन से समृद्धि मॉडल को मजबूत आधार देगा और बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, कृषि प्रगति, सामाजिक सुरक्षा और मानव संसाधन विकास को नई दिशा देगा। विधायक ने विश्वास जताया कि यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा और राज्य को आत्मनिर्भरता, आर्थिक प्रगति और समृद्धि के नए दौर में ले जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार का तीसरा बजट में सभी वर्ग को ध्यान रखा गया है। बस्तर विकास प्राधिकरण के बजट को इस बार बढ़ाया गया।

### किसानों, ग्रामीणों और युवाओं को रखा गया ध्यान



भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज राज्य के इतिहास का सबसे बड़ा बजट पेश करते हुए विकास की नई दिशा तय करने का दावा किया। बजट में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधानों के साथ राजधानी रायपुर को आधुनिक और स्मार्ट बनाने हेतु मेट्रो रेल सर्वे तथा एआई सेंटर जैसी बड़ी घोषणाएं की गई हैं। वित्त मंत्री ने भानुप्रतापपुर कालेज भवन निर्माण के लिये भी बजट में राशि दी गई है । प्रधानमंत्री आवास के लिए 800 करोड़, 4 लाइब्रेरी के लिए 22 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है, सूर्य घर योजना के लिए केंद्रीय अनुदान के अतिरिक्त 400 करोड़ रुपए, 5 नालंदा परिसरों के निर्माण के लिए 22 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है ।

# सराफा व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस हुई सख्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- एएसपी ने व्यापारियों से किया संवाद

शहर की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा सराफा व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना सिटी कोतवाली कांकेर द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस प्रशासन और सराफा व्यापारियों के बीच सीधे संवाद के माध्यम से सुरक्षा, सतर्कता और आपसी सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक का उद्देश्य न केवल चोरी, लूट और अपराधों पर अंकुश ⏭ शेष पेज 8 पर

### संदिग्ध होने पर पुलिस को दें जानकारी

इसके अतिरिक्त, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति द्वारा चोरी या संदिग्ध आभूषण बेचने के प्रयास की स्थिति में तुरंत पुलिस को जानकारी देने का आग्रह किया गया। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों को सायबर फ्रॉड से बचाव, सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन तथा डिजिटल सतर्कता के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी।

### व्यवसायियों ने भी दिए सुझाव

आयोजित बैठक में एसडीओपी मोहसिन खान, थाना प्रभारी जितेंद्र साहू के अलावा शहर के सराफा व्यवसायी उपस्थित रहे। सराफा व्यवसायियों ने भी सुझाव दिए।

# कांग्रेस नेता के घर के सामने से चोरों ने पार की बाइक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शांत और सुरक्षित माने जाने वाले तहसीलपारा क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक बुजुर्ग व्यवसायी की मोटर सायकल उनके ही घर के सामने से चोरी हो गई। रात के सन्नाटे में हुई इस वारदात ने न केवल पीड़ित परिवार को चिंता में डाल दिया, बल्कि मोहल्ले के लोगों को भी सतर्क होने पर मजबूर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार तहसीलपारा अंतागढ़ निवासी 62 वर्षीय अखिलेश सिंह चंदेल ने पुलिस को बताया कि 22 फरवरी की रात लगभग 9 बजे उन्होंने अपनी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 2543 को रोज की तरह घर के सामने खड़ा किया था। रात में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर नहीं आई, लेकिन अगले दिन 23 फरवरी की सुबह करीब साढ़े 5 बजे जब वे बाहर निकले तो वाहन वहां मौजूद नहीं था। इसके बाद उन्होंने आसपास के



इलाकों, पड़ोसियों और संभावित स्थानों पर बाइक की काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। चोरी गई मोटर सायकल की अनुमानित कीमत लगभग 33 हजार रुपए बताई जा रही है। वाहन चोरी हो जाने से पीड़ित को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ दैनिक आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थी की शिकायत पर थाना अंतागढ़ पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विवेचना शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, वहीं संदिग्ध व्यक्तियों और संभावित मार्गों की भी जांच की जा रही है।

# फरार दो सटोरियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कोतवाली पुलिस ने पूर्व सट्टा प्रकरण में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध सट्टा नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है। बरामदगी और बैंक लेन-देन के खुलासे ने इस कार्रवाई को और महत्वपूर्ण बना दिया है। सट्टा पर कड़ी धारा के तहत कार्यवाही नहीं होने पर सटोरिया जल्द छूट जाते है, जिससे उनकी सट्टा खिलाना आदतन हो जाता है। आदतन सट्टा खिलाने वालों पर जब तक कड़ी कार्यवाही नहीं होगी, तब तक यह छुई मुई का खेल लगातार चलता रहेगा।

- बैंक लेन-देन के खुलासे से अवैध सट्टा संचालन के संगठित नेटवर्क का हुआ पर्दाफाश
- उजियारा अभियान से अपराध नियंत्रित करने की जा रही कार्रवाई

उजियारा अभियान के तहत जिले में अपराध नियंत्रण के लिए कार्यवाही की जा रही है, परंतु आदतन अपराध करने वालों पर जिस ढंग से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए, वैसी कड़ी कार्यवाही होते हुए नहीं दिख रही है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में सट्टा प्रकरण में फरार आरोपी मनीष असरानी को विधिवत प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, वहीं विवेचना के दौरान अविनाश हिरदानी ⏭ शेष पेज 8 पर



### चार से पाँच खाईवाल अभी भी सक्रिय

कांकेर में ऐसे कई आदतन स्टोरिए है, जिस पर पुलिस अभी तक नहीं पहुँच पाई है। पुलिस कांकेर शहर में चार से पाँच खाईवाल आज भी सक्रिय है। इन खाईवाल में दो से तीन पूरा खेल स्वंय खेलते है और एक खाईवाल का खेल उड़ीसा से संचालित है। पुलिस इस नेटवर्क को खोल पाती है या इतिहास में यह खेल दबा रहेगा, आने वाला समय ही बताएगा। इसके अलावा जिले के कई सटोरिए जिले की सीमा से लगे क्षेत्र में अब नया आशियाना बनाने के लिए प्रयासरत हो गए है।

### जिले की सीमा में पहुँच रहे जुआरी

कांकेर में पुलिस के सक्रिय हो जाने से जुआरी अब कांकेर को छोड़कर कांकेर की सीमा से लगे धमतरी जिले के नगरी, कोंडागांव जिला और बालोद जिला में यह खेल फल फुल रहा है। इन इलाकों के दलाल पर मुंडी 1000 रूपएं वसूल रहे है। इन जगहों पर चलने वाले जुआ में कांकेर से लगातार जुआरी जुआं खेलने पहुंच रहे है। पुलिस इनके नेटवर्क को खंगाल पाती है या जिले की सीमा में चल रहे जुआ अनवरत चलते रहेंगे, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## वन विकास निगम के अमले पर कलेक्टर से की सख्त कार्रवाई की मांग

# पेसा कानून के उल्लंघन और अवैध कटाई पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के दुर्गकोंदल तहसील अंतर्गत ग्राम डाहालद्दी में पेसा कानून के उल्लंघन और वनों की अवैध कटाई को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को शिकायती आवेदन सौंपते हुए वन विकास निगम के कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र में बहुमूल्य सागौन जैसे पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

- शिकायतकर्ता का ही घर गिरा दिया गया

ग्रामीणों के अनुसार वन कक्ष क्रमांक पी-875 एवं 876, जो भानुप्रतापपुर परियोजना मंडल के अंतर्गत आता है, वहां बीते कई महीनों से अवैध कटाई जारी है। इस संबंध में




जब ग्रामीणों ने बीट गार्ड, डिप्टी रेंजर और रेंजर के खिलाफ शिकायत किया, तो वन अमले ने कार्रवाई करने के बजाय हिंसात्मक रवैया अपनाया। आरोप है कि शिकायत से नाराज होकर वनकर्मी दल-बल और जेसीबी मशीन लेकर गांव पहुंचे और श्रवण पोटाई के निर्माणाधीन कच्चे मकान को गिरा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि मकान की चौखट विधिवत बिल के साथ खरीदी गई थी। इसके बावजूद वनकर्मियों ने जबरन चौखट निकालकर कब्जे में ले लिया है। इस पूरी कार्रवाई से गांव की शांति व्यवस्था भंग हुई और यह पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत लागू पेशा कानून का खुला उल्लंघन है। सबसे गंभीर बात यह रही कि गांव के प्रमुखों को बिना सूचना दिए एकतरफा कार्रवाई की गई, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल बन गया।

### निष्पक्ष जांच कराई जाए

शिकायतकर्ता गोवर्धन नरेटी ने बताया कि एक ओर वन कर्मचारी अपने संरक्षण में सागौन जैसे कीमती पेड़ों की कटाई पर चुप्पी साधे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों के खिलाफ कठोर और हिंसक कदम उठा रहे हैं। इससे विभागीय मिलीभगत की आशंका और गहरी हो जाती है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि पेसा कानून के उल्लंघन और अवैध कटाई की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा इसमें संलिप्त दोषी वन कर्मचारियों और अधिकारियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सख्त कदम उठाए जाने से ही भविष्य में गांव की शांति व्यवस्था बनी रहेगी और आदिवासी अधिकारों की रक्षा हो सकेगी।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सरोना थाना क्षेत्र के ग्राम भर्रीपारा में सोमवार की शाम पुरानी रंजिश या पारिवारिक कलह के चलते आरोपी ने एक युवक को बेरहमी से मारपीट किया और उसके बाद ईंट से सिर पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- ईंट से सिर फोड़कर किया लहूलुहान

जानकारी के अनुसार ग्राम भर्रीपारा सरोना निवासी निर्मल सलाम पिता चैतु सलाम ने पुलिस को बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े 6 बजे वह अपने पिता चैतुराम सलाम और परिचित कपिल मरकाम



के साथ घर के बाहर बैठकर आग ताप रहे थे। इसी दौरान ग्राम चोरिया निवासी संजय कोर्राम वहां पहुंचा और बिना किसी उकसावे के परिवार की देखरेख को लेकर अश्लील गालियां देने लगा। प्रार्थी और उसके परिजनों ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो विवाद और बढ़ गया। आरोप है कि आरोपी संजय कोर्राम ने आपा खोते हुए जान से मारने की धमकी दी और निर्मल सलाम पर हमला कर दिया। आरोपी ने पहले मुक्कों से वार किया और फिर उसे जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके घुटनों ⏭ शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर व एसपी ने बस स्टैंड का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने आज नवीन बस स्टैंड का निरीक्षण कर बस स्टैंड के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बस स्टैंड परिसर में पेयजल, स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। पुलिस अधीक्षक ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नवीन बस स्टैंड में पुलिस सहायता केंद्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अजय उरांव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे सहित पुलिस एवं नगर पालिका विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बालक आश्रम केशकाल में हुई साज-सज्जा स्पर्धा व न्यौता भोज कार्यक्रम



**फरसगांव/केशकाल।** जिला प्रशासन आदिवासी विकास शाखा के सहायक आयुक्त कृपेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में बालक आश्रम केशकाल में कक्षा साज सज्जा प्रतियोगिता एवं न्यौता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि सुदर्शन कुंजन (पार्षद) विशिष्ट अतिथि राजेंद्र ठाकुर (पार्षद एवं भूतपूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केशकाल) शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश ध्रुवा, उपाध्यक्ष महेंद्र कावडे की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ कार्यक्रम में आठवीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथियों के द्वारा छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित किया गया कक्षा सज्जा प्रतियोगिता में टॉप 5 छात्रों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम स्थान राणा पुंजा भील कक्ष ने प्राप्त किया। समापन के अवसर पर सभी छात्रों, मुख्य अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा न्यौता भोज का आनंद लिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक मनोज गोस्वामी के द्वारा किया गया। इस अवसर में प्रधान पाठक पी आर नेताम, शिक्षिका सामो नेताम, आसमा परवीन, शिक्षक मनोज गोस्वामी, नाथु राम नाग, छात्रावास अधीक्षक दीपेश कुंवर एवं छात्रावास के यिों का विशिष्ट योगदान रहा।

### बनजुगानी में बनेगा घोटुल जनजातीय युवाओं के लिए सांस्कृतिक केंद्र



**कोण्डागांव।** कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में ग्राम पंचायत बनजुगानी में घोटुल एवं जनजातीय युवाओं के लिए सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना को मंजूरी मिल गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए जनजातीय मंत्रलय द्वारा 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।
यह सांस्कृतिक केंद्र बस्तर अंचल की पारंपरिक घोटुल व्यवस्था और जनजातीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसके माध्यम से जनजातीय युवाओं को अपनी लोकसंस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस स्वीकृति पर बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने नरेंद्र मोदी, केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुअल ओराम, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राज्य के जनजातीय मंत्री राम विचार नेताम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# पर्यावरण स्वीकृति के बिना सड़क विकास में चढ़ी वृक्षों की बलि, विभाग ने रुकवाया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के अंदरुनी गांवों को बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ने का प्रयास जारी है। निर्माण कार्यों के दौरान विभागीय अफसरों की अनदेखी से पर्यावरण को खासा नुकसान पहुंच रहा। सड़क निर्माण के दौरान सड़क की जद में आने वाले पेड़ विकास की भेंट चढ़ रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीण का आरोप है ग्राम जूनापानी से ग्राम नेवता तक सड़क निर्माण से पहले निर्माणाधीन सड़क की जद में आने वाले पेड़ों की कटाई की गई है व जड़ सहित उखाड़ कर हटाया जा रहा है। साल, आम आदि मिश्रित प्रजाति के पेड़ों को काटे गए है। निर्माणाधीन सड़क किनारे स्थित पेड़ों की ठूंठ काटे गए पेड़ों की कहानी बयां करते हैं। लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर पी.के. नेताम के मुताबिक ग्राम जूनापानी से ग्राम नेवता तक सड़क का निर्माण ठेकेदार एन.सी. नाहर के द्वारा करवाया जा रहा। लगभग 4.5 किलोमीटर की लंबाई वाली सड़क की अनुबंध राशि 466.60लाख रुपए लागत की है।

**खास बातें**
- जूनापानी–नेवता सड़क परियोजना में पेड़ कटाई विवाद
- विभागीय अनदेखी पर सवाल, पर्यावरण स्वीकृति की कमी ले काम रुका



#### हमने नहीं कटवाए पेड़ः सिन्हा

निर्माण कंपनी ने सब इंजीनियर लोकेश सिन्हा ने कहा हमने पेड़ नहीं कटवाए है, ग्रामीणों ने निर्माण से पहले ही कुछ पेड़ कटवाए थे, पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिली है। वन परिक्षेत्र कार्यालय मुलमुला के मुताबिक पर्यावरण स्वीकृति नहीं रहने के कारण विभाग ने कार्यवाही करते हुए निर्माण कार्य बंद करवाया है, पर्यावरण स्वीकृति लेने के बाद ही ठेकेदार कार्य चालू करेगा।

#### कटाई के लिए जारी गाइडलाइन

वन मंडलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र में सड़क निर्माण होने से एक हेक्टेयर से कम एरिया आने पर डीएफओ द्वारा अनुमति पत्र जारी की जाती है। वहीं पांच हेक्टेयर से कम होने से राज्य शासन द्वारा तथा उससे अधिक होने पर केंद्र सरकार द्वारा अनुमति पत्र जारी होता है।

## महिला, बाल और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को लेकर आयोग ने दिए सख्त निर्देश

# मानवाधिकार आयोग ने किया जिला अस्पताल संस्थानों, छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य मानवाधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष गिरिधारी नायक ने आज कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान जिला अस्पताल, छात्रवास एवं अन्य संस्थानों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने बैठक लेकर महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा से जुड़े प्रकरणों के प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा द्वारा एजेंडावार जानकारी प्रस्तुत की गई। आयोग के अध्यक्ष ने महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों से जुड़े मामलों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

- स्वास्थ्य, शिक्षा और पेंशन प्रकरणों की समीक्षा, प्रशासन को त्वरित कार्रवाई के आदेश

#### आश्रम–छात्रावास, अनाथ बच्चों और पेंशन प्रकरणों की समीक्षा

आयोग अध्यक्ष ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से आश्रम–छात्रावासों की भवन स्थिति एवं शौचालय व्यवस्था की जानकारी ली और विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनाथ बच्चों का सर्वे कर उन्हें बाल गृह में प्रवेश दिलाने, लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा जर्जर विद्यालय भवनों व एकल शिक्षकीय विद्यालयों की स्थिति की भी समीक्षा की।



#### आंगनबाड़ी और थाना निरीक्षण

उन्होंने आंगनबाड़ी जुगानीकलार का निरीक्षण कर बच्चों के पोषण एवं गतिविधियों की जानकारी ली। इसके अलावा पुलिस थाना फरसगांव का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान आयोग के संयुक्त सचिव संजय अग्रवाल, डीएसपी माया असवाल सहित आयोग की टीम, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, एसडीओपी अभिनव उपाध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### स्वास्थ्य विभाग को कुष्ठ रोग व डॉग बाइट पर विशेष निर्देश

स्वास्थ्य विभाग को कुष्ठ रोग की जांच, निदान एवं जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही डॉग बाइट के मामलों की समीक्षा कर अस्पतालों में एंटी–रैबीज इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

#### जिला अस्पताल और छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण

बैठक से पूर्व आयोग अध्यक्ष ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर लेबर वार्ड, एसएनसीयू एवं पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इसके पश्चात कन्या छात्रवास का निरीक्षण कर छात्रओं से संवाद किया तथा शिक्षा के साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

## एनएच 30 पर हुए सड़क हादसे में सीएएफ जवान की मौत, 3 घायल



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 जुगानी में सोमवार की रात करीब 8:30 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, हादसे में पहले दो बाइक की टक्कर हुई,जिसमे बाइक चालक रोड में गिर गया, तभी तेज गति से आ रही अज्ञात वाहन ने उसे सर को कुचल दिया, हादसे में बाइक चालक सीएएफ के जवान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं अन्य तीन घायल हो गए।

- दो बाइक टक्कर के बाद अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

जानकारी के अनुसार परमानंद साहू पिता दूजराम साहू उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम फागुंदाई नयापारा,जिला-बालोद जो 5 वी वाहनी छग सशस्त्र बल (सीएएफ) का जवान था, जो वतर्मान में कोण्डागांव जिले के उरन्दाबेडा थाना में ई कम्पनी में तैनात था। जो सोमवार को कोंडागांव मेला के लिए ड्यूटी करने बाइक में सवार होकर कोंडागांव जा रहा था , तभी रात करीब 8:30 बजे नेशनल हाईवे 30 जुगानी के पास सामने से आ रहे बाइक के साथ इसकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद परमानंद साहू रोड में गिर गया। इसी दौरान कोंडागांव की ओर से तेज गति में आ रही अज्ञात वाहन ने उसके सर को कुचल दिया, जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही अन्य बाइक में सवार ग्राम चिचाड़ी निवासी नंदकिशोर मरकाम, साक्षी मांडवी और योगिता कुंजाम यह तीनों घायल हो गए। घटना की खबर लगते ही फरसगांव थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल भिजवाया। वही मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु चीरघर में भिजवाये।

#### जवान की मौत से परिवार में टूटा दुखों का पहाड़

मृतक के पिता ने बताया कि मृतक घर का इकलौता बेटा था, इसकी दो बड़ी बहनें हैं। जिनकी शादी हो गई है। मृतक की भी शादी हो चुकी है, जिसके 8 और 5 साल के दो लड़के है। मृतक 2009 में 5 वी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल जगदलपुर में आरक्षक के पता भर्ती हुआ। जवान की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, क्योंकि जवान अकेला घर में कमाने वाला था।

## अंग्रेजी शराब की तस्करी का पर्दाफाश, कार से 171 लीटर जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** जिले में अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए कोण्डागांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कार क्रमांक सीजी 04 क्यूई 1421 से अवैध रूप से परिवहन की जा रही अंग्रेजी शराब गोवा जब्त की है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार कार से 19 कार्टून में कुल 950 पौवा 171 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब गोवा बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 1,21,600 रुपए बताई गई है। इसके साथ ही 8 लाख रुपए की टाटा कर्व कार और करीब 40 हजार रुपए कीमत के चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। कुल जब्ती की कीमत 9,61,600 रुपए आंकी गई है।

**ये हैं गिरफ्तार आरोपी :** पुलिस ने निहाल सिंह भाटिया अभनपुर रायपुर, दिनेश बुनकर कोंडागांव और रूपेश उर्फ राजा सोनी विकासनगर कोंडागांव को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी अवैध रूप से अंग्रेजी शराब को दुर्ग–भिलाई से जगदलपुर की ओर ले जा रहे थे।

**मुखबिर सूचना पर बायपास में की गई नाकाबंदी :** पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के



निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में थाना व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कनेरा रोड, जगदलपुर बायपास पर नाकाबंदी कर संदिग्ध कार को रोका। तलाशी के दौरान कार की सीट और डिक्की से शराब से भरे कार्टून बरामद हुए।

आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली कोंडागांव में अपराध क्रमांक 61/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के बाद तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक टामेश्वर चौहान, साइबर सेल प्रभारी सौरभ उपाध्याय, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश डहरिया सहित पुलिस टीम के अशोक मरकाम, अजय बघेल, संतोष कोड़ोपी, बिरझू शोरी और मनोज पोयाम का विशेष योगदान रहा।

## कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा का स्वागत

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ बजट 2026 में कर्मचारियों के लिए घोषित कैशलेस चिकित्सा सुविधा को लेकर कर्मचारी जगत में खुशी की लहर है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे कर्मचारियों के लिए "चिंतामुक्त स्वास्थ्य सुरक्षा" की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।



एसोसिएशन के जिला कोण्डागांव जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह ने जारी बयान में कहा कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा से कर्मचारियों और उनके परिजनों को इलाज के बाद बिल जमा करने, भुगतान प्रक्रिया एवं धन की व्यवस्था जैसी परेशानियों से राहत मिलेगी। आपात स्थिति में तत्काल इलाज संभव हो सकेगा, जिससे आर्थिक तनाव कम होगा। संगठन ने इस जनहितकारी निर्णय के लिए विष्णु देव साय एवं ओ.पी. चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, सांसद महेश कश्यप, विधायक भोजराज नाग एवं केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित सभी जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया गया।

## दस पीड़ित परिवारों के लिए कलेक्टर ने की 40 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने, नदी, तालाब एवं नहर नाली में डूबने से मृत्यु होने के 10 प्रकरणों में मृतकों के निकटतम आश्रितों को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने चार-चार लाख रूपए की मान से 40 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है।

- डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में पहुंचेगी सहायता राशि

पखांजूर तहसील अंतर्गत ग्राम पीव्ही 15 गोविन्दपुर के निवासी 33 वर्षीय प्रमिला की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित समरेश मंडल के लिए चार लाख रूपए, ग्राम कुरूषबोड़ी के 11 वर्षीय विराज गावड़े की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता विश्वनाथ गावड़े और ललिता गावड़े के लिए चार लाख रूपए, ग्राम चारगांव निवासी 45 वर्षीय पतिराम आंचले की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में पत्नी फुलबती आंचले के लिए चार लाख रूपए, ग्राम मदले निवासी 38 वर्षीय लक्ष्मण राम वट्टी की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम आश्रित संजय कुमार वट्टी एवं कु. करीना वट्टी के लिए चार लाख रूपए, पीव्ही 39 इन्द्रप्रस्थ की 18 वर्षीय जबा मंडल की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता नरेश मंडल और रिता मंडल के लिए चार लाख रूपए तथा ग्राम मरदा के 12 वर्षीय मन्नू उसेण्डी की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता जंगलूराम उसेण्डी और सनकाय उसेण्डी के लिए चार लाख रूपए सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा तहसील के ग्राम पोरोण्डी निवासी 28 वर्षीय शत्रुघन मंडावी की नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके आश्रित दुर्पती मंडावी के लिए चार लाख रूपए, सरोना तहसील के ग्राम पुरियारा निवासी 38 वर्षीय मोहन सिंह तुमरेटी की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी मीरा के लिए चार लाख रूपए, ग्राम सरोना के 70 वर्षीय रामलाल मरकाम की नहर नाली में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम आश्रित सतनबाई के लिए चार लाख रूपए तथा बांदे तहसील के ग्राम सितरम निवासी 32 वर्षीय श्रवण नुरूटी की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में पत्नी सोनारो बाई के लिए चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान हितग्राहियों को संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार द्वारा डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से कोंडागांव जिले के 96 गांव जुड़े

# दूरस्थ अंचलों को मिली नियमित एवं सुलभ बस सेवा की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रें में आवागमन सुविधा सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के अंतर्गत सोमवार को जिला कार्यालय परिसर से तीन नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल एवं कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना उपस्थित रहीं। अब जिले में इस योजना के तहत कुल 7 बसों का संचालन किया जा रहा है, जिससे 96 गांवों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

- नियमित बस सेवा से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत

तीन नए मार्गों पर बस सेवा प्रारंभ – पूर्व में कोंडागांव–मर्दापाल, बहीगांव–विश्रामपुरी, कोंडागांव–कमेला एवं छत्तोड़ी–कोंडागांव मार्ग पर बस सेवा शुरू की जा चुकी थी। अब 23 फरवरी से निम्न तीन नए मार्गों पर भी संचालन प्रारंभ किया गया। कोनगुड–फरसगांव, भैंसाबेड़ा–केशकाल, कनपुर–कोंडागांव इस विस्साथ जिले में कुल सात मार्गों पर नियमित बस सेवा उपलब्ध हो गई है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत आमजन, किसान, मजदूर, छोटे व्यवसायी एवं छात्र–छात्रओं को जनपद एवं जिला मुख्यालय तक सुगम, नियमित एवं सुलभ परिवहन सुविधा प्रदान करना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




#### शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका को मिलेगी मजबूती

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना केवल परिवहन सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण विकास की व्यापक पहल है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु जिला मुख्यालय तक पहुंचने में सुविधा मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचने का अवसर, किसान एवं छोटे व्यापारियों को बाजार तक पहुंच में सहूलियत, महिलाओं एवं बुजुगोंर् के लिए सुरक्षित परिवहन सात बसों के संचालन से हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और जिले के विकास को नई गति मिलेगी।

#### मार्गवार लाभान्वित गांवों का विवरण

कोंडागांव–मर्दापाल मार्ग 22 गांव कुम्हारपारा, जोधरापदर, उमरगांव, बुनागांव, कोकोड़ी, गंगामुंडा, छेरीबेडा, भातापाल, भुखल, चिमड़ी, चलकाएटेमरू, मुंगवाल, बयानार, आदनार, चेमा, घोटूल, मलनार, लखापुरी, नवागांव, रानापाल सहित कुल 22 गांव। बहीगांव–विश्रामपुरी मार्ग 12 गांव ओरकीवाही, पीपरा, मांडोकीखरगांव, मुण्डापारा, छोटे–राजपुर, बड़े–राजपुर, टेवसा, रामपुर, कोरगांव, विश्रामपुरी सहित 12 गांव। कोंडागांव–कमेला मार्ग 6 गांव कोकोड़ी, कंजरी, शंकर नगर, बकोदागंडा, बड़ेकनेरा सहित 6 गांव। छत्तोड़ी–कोंडागांव मार्ग 17 गांव किरमारी, नेवरा, क्षमतापुर, बड़ेसोहंगा, बड़ागांव, हिरलाभाठ, बीजापुर, अमरावती, मालेगांव, बुटरापारा, चिपावंड, मुलमुला, पीकरभाटा, नेवता, बफना, पलारी सहित 17 गांव। कोनगुड–फरसगांव मार्ग 11 गांव कोनगुड़ बारदा, उरंदाबेड़ा, नेट, कोटपाड़ गोडमा, बड़ेडोंगर, बेलभाटा, आलोर, बैलगांव, फरसगांव। भैंसाबेडा–केशकाल मार्ग 18 गांव भैंसाबेड़ा, अर्रा, कोरनहुर, सावलवाही, धुरेगांव, कावागांव, ईरागांव, तोडासी, कर्रारमेटा, बनियागांव, सवाला, बेलगांव, धनौरा, डुमरपदा, अरंडी, तेंदूभाठा, बेंडमा, केशकाल। कनपुर–कोंडागांव मार्ग 10 गांव कनपुर, मोहलाई, मुनगापदर, बोटीकनेरा, सोनाबाल, नगरी, मड़ानार, बम्हनी, संबलपुर, जामपदर, कोंडागांव।

## पेज 7 के शेष

#### सराफा व्यापारियों की...

लगाना था, बल्कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सुरक्षित बनाना भी रहा। थाना सिटी कोतवाली कांकेर में आयोजित इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू ने सराफा व्यापारियों को निर्देशित किया कि दुकान में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी का आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं पूर्ण पता का सत्यापन कर उसका रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से संधारित किया जाए। इसके साथ ही प्रतिष्ठानों के अंदर, बाहर तथा पीछे सीसीटीवी कैमरे लगाने और उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने पर विशेष जोर दिया गया। दुकान खोलने और बंद करने के समय नकदी, आभूषण एवं लॉकर की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। प्रत्येक प्रतिष्ठान में सायरन अथवा अलार्म सिस्टम लगाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया, ताकि किसी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना मिल सके। त्वरित सूचना आदान-प्रदान को प्रभावी बनाने के लिए सभी सराफा व्यापारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए गए, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल साझा की जा सके।

#### फरार दो सटोरियों...

को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से सट्टा-पट्टी, पेन, नगदी 1500 रुपये और कुल 4 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि सट्टा गतिविधियों से जुड़े बैंक खातों में लगभग 99 हजार 895 रुपये का लेन-देन हुआ है, जिससे अवैध सट्टा संचालन के संगठित स्वरूप के संकेत मिले हैं। मामले में आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 तथा भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

#### पुरानी रंजिश को...

और कोहनियों में गंभीर चोटें आईं। आरोपी ने पास में पड़े ईंट के टुकड़े से प्रार्थी के सिर पर जोरदार प्रहार किया, जिससे निर्मल सलाम की बाईं आंख के पास गहरा जख्म हो गया और खून बहने लगा। अचानक हुई इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर प्रार्थी की मां सुंदरी बाई और मित्र कपिल मरकाम ने बीच-बचाव कर किसी तरह उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। घायल को तत्काल उपचार के लिए ले जाया गया। घटना की सूचना मिलने पर थाना सरोना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी संजय कोर्राम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115 (2) और 351 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### जिले के सभी ब्लॉक में होगी पशु औषधि विक्रय केन्द्र की स्थापना

**बीजापुर।** पशुधन विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक ब्लॉक में पशु औषधि विक्रय केन्द्र खोला जाना है। जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री कृषि सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम से पशुपालकों को सस्ती दरों पर अच्छी गुणवत्ता की पशु औषधियां उपलब्ध कराना है। पशु औषधि केन्द्रों के परिपालन हेतु न्यूनतम 120 स्क्वायर फिट स्वयं की या किराये की जगह की आवश्यकता होगी तथा बी फार्मा/डी फार्मा डिग्री होल्डर एवं ड्रग्स सेल लाईसेंस का होना आवश्यक है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला बीजापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 4 विकासखंडों में पशु औषधि विक्रय केन्द्र का संचालन प्रधानमंत्री कृषि सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है।

### पहले बने कर्मचारी कैशलेश चिकित्सा कार्ड : संतोष

**गीदम।** शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने आज छग शासन द्वारा प्रस्तुत बजट में शासकीय सेवकों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा और बजट प्रदान करने की घोषणा का



प्रथम दृष्टया स्वागत किया है, इसके लिए मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री का धन्यवाद किया और कहा कि कैशलेश चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु उसके नियम शर्तो के सार्वजनिक होने पर ही इस पर पूरी प्रतिक्रिया दी जा सकती है। प्रांतीय पदाधिकारी शैलेश सिंह व कुलदीप सिंह चौहान ने पेंशन हेतु शिक्षक एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा की गणना न होने को निराशाजनक माना है। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ठ विद्यालय खोले जाने का स्वागत करते हैं पर अन्य शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ सुविधाओं व साधनों में पक्षपात न हो इसका भी ध्यान रखा जाना था। इसके पहले भी आत्मानंद स्कूल खोलकर अन्य शासकीय विद्यालय के बच्चे उपेक्षित रखे गए। अपेक्षा है इस बार ऐसा न हो। जर्जर स्कूलों के लिए नवीन विद्यालय भवन का निर्माण का निर्णय सराहनीय है परंतु सरकार को ये सुनिश्चित भी करना चाहिए कि पूर्व की तरह ये बजट भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ जाए। इसी तरह प्रदेश कर्मचारियों को उम्मीद थी केंद्र के समान देय तिथि से मंहगाई भत्ते की स्वीकृति व भुगतान की स्पष्ट नीति घोषित की जावेगी पर नही हुई।

# नक्सल पीड़ित परिवारों तथा आत्मसमर्पित लोगों के नियमित हेल्थ चेकअप सुनिश्चित करें

## कलेक्टर ने की स्वास्थ्य, जनसमस्याओं व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को नक्सल पीड़ित परिवारों तथा आत्मसमर्पित व्यक्तियों के नियमित हेल्थ चेकअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे उनके परिवारों को भी नियमित रूप से विशेष हेल्थ कैंप आयोजित कर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान कार्ड, वय वंदन योजना कार्ड के लंबित हितग्राहियों को योजना से जोड़ने हेतु आयोजित विशेष शिविर के दौरान निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने को भी कहा। ताकि जिन पंचायतों में अधिक लंबित हितग्राहियों की संख्या है वहां प्लान करके एक सप्ताह में शत-प्रतिशत कार्य को पूरा हो सकें। इस क्रम में उन्होंने ''हाई रिस्क प्रेग्नेंसी'' के प्रकरणों में हितग्राहियों का चिन्हांकित कर गर्भवती महिलाओं उनके स्वास्थ्य की पूर्व जानकारी देते हुए उनको संस्थागत प्रसव को सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल सके और विकास कार्यों की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, आंगनवाड़ी, आईएस, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों के ऐसे अधिकारी, कर्मचारी जो फील्ड में लगातार अनुपस्थित पाये जा रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित अन्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।




### अपार आईडी अपडेट जारी रखें

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग से अपार आईडी के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि आधार अपडेट, जन्म तिथि और स्कूली दस्तावेजों में कमी पेशी को दूर करने की पहल जारी रखें और जल्द अपार आईडी के काम को पूरा करवाएं। साथ ही संपूर्णता अभियान के इंडिकेटर पर चर्चा कर संबंधित विभागों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करने कहा। उन्होंने खाद्य विभाग और नागरिक आपूर्ति विभाग से चावल गोदाम की व्यवस्थाओं, चावल उत्सव की तैयारियों और राशन दुकानों में खाद्यान्न भंडारण की जानकारी ली। इसके अलावा मत्स्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, राजस्व विभाग के योजनाओं की प्रगति के साथ नक्सल पुनर्वास नीति के तहत हितग्राहियों को दी जाने वाली सुविधाओं और योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के क्रम में अब तक किए गए प्रयासों की समीक्षा की।

## नियद नेल्लानार के 222 गांवों में विकास को रफ्तार

# बरसात से पहले निर्माण पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए

■ जनगणना की व्यापक तैयारियां सुनिश्चित किया जाए : कलेक्टर

अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत चिन्हित 222 गांवों में विकास कार्यों की गति तेज की जाए और स्वीकृत निर्माण कार्यों को हर हाल में बरसात से पहले पूर्ण किया जाए।

बैठक में जनगणना कार्य के प्रथम चरण की व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारण, प्रशिक्षण और अन्य व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैंक खाता विहीन तेंदूपत्ता संग्राहकों के खाते अभियान के रूप में खोलने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही सभी अनुभागों से व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र के प्रकरण जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत कर शीघ्र बैठक आयोजित करने को कहा गया।

नियद नेल्लानार योजना के तहत संचालित सैचुरेशन शिविर सर्वे की समीक्षा करते हुए कावंड़गांव, पालनार, मुतवेंडी, बेलनार, कोण्डापल्ली और चिल्लामरका सहित अन्य आदर्श गांवों में अधोसंरचना निर्माण की गति बढ़ाने पर बल दिया गया।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत सुदूर क्षेत्रों में ट्रैक्टर के माध्यम से राशन पहुंचाने की व्यवस्था की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ऐसे गांवों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि सभी अंदरुनी गांवों तक राशन की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों के आवश्यक दस्तावेजों का शीघ्र निर्माण सुनिश्चित करने तथा शासन की पुनर्वास नीति के तहत सभी प्रकार की सहायता एवं प्रोत्साहन राशि बैंक खाते के माध्यम से प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे।



### बीजापुर एक्सप्रेस बस संचालन में लापरवाही पर सख्ती

जिला प्रशासन द्वारा संचालित बीजापुर एक्सप्रेस बसों के संचालन में लापरवाही बरतने वाले संचालकों को तत्काल हटाकर नए संचालक नियुक्त करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जल जीवन मिशन, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड ग्रामीणों को सरलतापूर्वक उपलब्ध कराने को कहा गया।

# शालेय शिक्षक संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छग शालेय शिक्षक संघ बीजापुर द्वारा नव पदस्थ संयुक्त संचालक एच आर सोम का संघ की परम्परा अनुसार संभागीय प्रवक्ता एवं जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया एवं छग शासन स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव, संचालक एवं संयुक्त संचालक बस्तर संभाग को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे मांग की गई है कि स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा जारी नया राजपत्र दिनाँक 13 फरवरी 2026 शिक्षक एल बी संवर्ग को अस्वीकार है क्योंकि इसमे शिक्षक एल बी संवर्ग की हितों को अनदेखा किया गया है। पिछले वर्षो से काउंसलिंग के जरिये पदोन्नत शिक्षकों को पदस्थ किया जा रहा है। मांग की गई है कि बस्तर संभाग को अलग परिपेक्ष्य मे देखना उचित होगा। काउंसलिंग मे नक्सली पीडित परिवार के सदस्यों को अनदेखा किया गया है जबकि पंचायत शिक्षक भर्ती के दौरान उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से ब्लाक मुख्यालय वा जिला मुख्यालय मे पदस्थ किया गया था। इसपर संयुक्त संचालक द्वारा नियमानुसार उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है प्रतिनिधि मडल मे संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य वसीम खान, विजय चापड़ी, टिलेश्वर संगम, संपूर्णानंद चौधरी, बलराम कुड़ीयम शामिल थे।

# जगरगुंडा में भी एजुकेशन सिटी अच्छी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2026-27 के राज्य बजट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बस्तर और दंतेवाड़ा अब पिछड़े क्षेत्र नहीं, बल्कि तेजी से उभरते हुए विकासशील क्षेत्र हैं। सरकार का यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क, रोजगार और डिजिटल सुविधा के माध्यम से बस्तर के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास की दिशा में दंतेवाड़ा में पहले से स्थापित एजुकेशन मॉडल की सफलता को आगे बढ़ाते हुए अबूझमाड़ एवं जगरगुंडा में नई एजुकेशन सिटी की स्थापना हेतु 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।



यह पहल बस्तर के युवाओं को मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्थानीय स्तर पर ही बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगी। यह कदम साबित करता है कि बस्तर अब शिक्षा का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत होंगी और स्थानीय लोगों को बेहतर इलाज अपने क्षेत्र में ही मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इंद्रावती नदी पर मटनार एवं देउरगांव में 2,024 करोड़ रुपये की लागत से बैराज एवं 68 किलोमीटर नहर निर्माण का प्रावधान किया गया है। इससे लगभग 32 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा मिलेगी और बस्तर की कृषि अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

# विकास को नई दिशा देगा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने वर्ष 2026-27 के छत्तीसगढ़ बजट का स्वागत करते हुए कहा कि

■ दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज शुरू करने का प्रावधान

यह बजट प्रदेश के समग्र विकास के साथ-साथ बस्तर और दंतेवाड़ा जिले के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। उन्होंने कहा कि इस बजट में बस्तर अंचल के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज शुरू करने का प्रावधान किया गया है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। बस्तर में एजुकेशन सिटी की स्थापना के लिए राशि निर्धारित की गई है, जिससे आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा की सुविधा अपने क्षेत्र में ही मिलेगी। उन्होंने बताया कि इंद्रावती नदी पर बैराज निर्माण और नहर परियोजना से हजारों हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा। दंतेवाड़ा और बस्तर क्षेत्र में सड़कों के निर्माण और उन्नयन के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है, जिससे गांव-गांव तक बेहतर कनेक्टिविटी होगी। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। बस्तर विकास प्राधिकरण के लिए भी पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है। प्रदेश स्तर पर महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और निवेश को बढ़ावा देने के लिए बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। महतारी वंदन योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं और गरीब वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। संतोष गुप्ता ने कहा कि यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में मजबूत कदम है और इससे बस्तर तथा दंतेवाड़ा जिले का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।



# एकलव्य विद्यालय में हरित विद्यालय विषय पर हुआ एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण संचालित जावंगा गीदम में "हरित विद्यालय" विषय पर एक प्रेरणादायी एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि डॉ प्रीतेश पांडेय वन परिक्षेत्र अधिकारी का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त विद्यार्थी, शिक्षकगण तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम के प्राचार्यगण गरिमामयी उपस्थिति के साथ सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें सतत विकास की दिशा में प्रेरित करना था। अतिथि वक्ता द्वारा हरित विद्यालय, जल संरक्षण, वन संरक्षण एवं कैरियर गाइडेंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर




सारगर्भित एवं प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, वृक्षारोपण की आवश्यकता तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने पर विशेष बल दिया। साथ ही विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण हेतु प्रकृति संरक्षण से जुड़े करियर विकल्पों की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा समस्या-समाधान आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। अतिथि वक्ता ने सरल, व्यावहारिक एवं प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से सभी प्रश्नों का समाधान किया। समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने वाला सिद्ध हुआ।

# अगले दो दशक में विकसित छग का रोडमैप है यह बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

युवा नेता आनंद झा ने बजट 2026 - 27 की सराहना करते हुए इसे भविष्योन्मुखी बताया। उन्होंने कहा कि यह विकसित छत्तीसगढ़ की ओर एक निर्णायक कदम है, जो राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति देगा। बस्तर- सरगुजा के लिए बस सेवा के लिए इस बजट में 10 करोड़ का प्रावधान किया गया। जिसमें बस्तर विकास प्राधिकरण के लिए 75 करोड़, दो एजुकेशनल सिटी की स्थापना के लिए 100 करोड़,अबूझमाड़ और जगरगुंडा में शुरु होगी एजुकेशन सिटी। सरगुजा मैनपाट के विकास के लिए 5 करोड़, नोनी के 18 वर्ष पूरी होने पर 1.50 लाख देंगे। बस्तर और सरगुजा के मेडिकल कॉलेज के लिए 50 -50 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य आनंद झा ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में पेश किए गए 1 लाख 72 हजार करोड़ रु के राज्य बजट 2026 की मुक्तकंठ से सराहना की है। उन्होंने इस बजट को भविष्योन्मुखी बताते हुए कहा कि यह केवल वित्तीय विवरण नहीं, बल्कि एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य की दिशा में उठाया गया एक निर्णायक कदम है।



# अंत्योदय से विकसित छत्तीसगढ़ की ओर मजबूत कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तेजपाल शर्मा सह संयोजक सोशल मीडिया भाजपा छत्तीसगढ़ ने कहा कि बजट 2026-27 प्रदेश की 3 करोड़ जनता की आकांक्षाओं को साकार करने वाला दूरदर्शी एवं जनहितैषी बजट है। उन्होंने कहा कि 1,72,000 करोड़ रुपये का यह बजट "समृद्ध किसान, सशक्त युवा, सुरक्षित महिला और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई ऊर्जा देता है। बजट का मूल मंत्र संकल्प समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, आजीविका और नीति से परिणाम तक प्रदेश की प्रगति का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है।कृषि एवं किसान कल्याण, स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, ऊर्जा और अधोसंरचना जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। किसानों को ब्याज मुक्त ऋण, युवाओं के रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए विशेष योजनाएं, प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु आर्थिक सहायता तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना सहित अनेक प्रावधान इस बजट को जनकल्याणकारी बनाते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नए अस्पतालों एवं डायलिसिस केंद्रों की स्थापना, वहीं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यालयों एवं छात्रावासों के प्रावधान प्रदेश के भविष्य को सुदृढ़ करेंगे। जनजातीय क्षेत्रों, विशेषकर बस्तर एवं सरगुजा में अधोसंरचना, पर्यटन और शिक्षा के विस्तार हेतु विशेष प्रावधान सराहनीय हैं।



### बजट बस्तर के उत्थान का रोडमैप

**जगदलपुर।** बजट 2026–27 का भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनीष पारख ने कहा यह बस्तर से सरगुजा तक विकास के संकल्प का बजट हैं जिसमें इस बजट में बस्तर के लिए विशेष प्रावधान किया है जो कि, यह बजट बस्तर में विकास का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। पारख ने जानकारी देते हुए कहा कि बजट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 1725 करोड़, जल जीवन मिशन 3000 करोड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 2000 करोड़, समग्र शिक्षा अभियान 1500 करोड़, प्रधानमंत्री आवास शहरी 825 करोड़, प्रधानमंत्री फसल बीमा 820 करोड़, महिलाओं के नाम पर संपत्ति क्रय में पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट, छत्तीसगढ़ युवा दर्शन हेतु 5 करोड़, मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन हेतु 100 करोड़, प्रतियोगी परीक्षा के लिए 33 करोड़, कृषक उन्नति योजना हेतु 10,000 करोड़, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना हेतु 600 करोड़ आदि क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है।

न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202602140100004/
अ-21(2)/2025-26 ग्राम-भानुप्रतापपुर
प.ह.न.-05 भानुप्रतापपुर

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम भानुप्रतापपुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि प्रकरण आवेदक कन्हैयालाल जैन पिता स्व. चुन्नीलाल जाति जैन निवासी वार्ड नंबर 10 भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) द्वारा ग्राम भानुप्रतापपुर स्थित अपने भूमिस्वामी हक की वाणिज्यिक प्रयोजन परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 152/23 रकबा 0.02000 हेक्टर परिवर्तित लगान 7288.00 रूपये जिस पर पक्की दुकान निर्मित है, को बिना कोई प्रतिफल प्राप्त किये अपने सगे पुत्र संतोष जैन पिता कन्हैयालाल जैन के पास दान करने की अनुमति हेतु कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समक्ष आवेदन करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है। प्रकरण गतिशील है । अतः उक्त आवेदित भूमि को दान करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेशी तिथि 09.03.2026 तक पेश कर सकते है । नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 20.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

**आवश्यकता है: समर्थन संस्था जिला कांकेर**

पदनाम : जे.सी.बी. बैकहो लोडर ऑपरेटर
पद संख्या: 2 वेतन: 25,000/- प्रतिमाह
कार्य क्षेत्र: विकास खण्ड कांकेर
योग्यता एवं शर्तें: 1. वैध LDRXCV अथवा हैवी मोटर व्हीकल (HMV) ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य। 2. संबंधित कार्य में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव आवश्यक।
इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित समर्थन कार्यालय, आदर्श नगर, शिवनगर रोड, कांकेर में जमा करें।
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें: मो. 9179881799, 7000670620



# बाबू सेमरा के विभूति पटनायक बने स्वच्छता के साथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम बाबू सेमरा के 59 वर्षीय विभूति पटनायक की कहानी इसी बदलाव की सशक्त मिसाल है। विभूति पटनायक का जीवन लंबे समय तक कठिनाइयों से घिरा रहा। परिवार में केवल दो सदस्य, सीमित आय और जिम्मेदारियों का बोझकृइन सबके बीच वे पहले लेबर मिस्त्री का कार्य करते थे। गांव में नियमित काम न मिलने के कारण उन्हें रोजगार की तलाश में बेंगलुरु जाना पड़ा। वहां एक पाउडर प्लांट के कार्यालय में काम मिला, जिससे पारिवारिक स्थिति में कुछ सुधार



जरूर हुआ, परंतु दूसरे राज्य में रहकर काम करना आसान नहीं था। बार-बार बीमारी, इलाज और दवाइयों में खर्च होती कमाई, तथा परिवार से दूरीकृये सब चुनौतियां धीरे-धीरे भारी पड़ने लगीं।

इसी दौरान गांव में हुई एक सामान्य-सी बातचीत ने उनके जीवन की दिशा बदल दी।

नई उम्मीद के साथ विभूति पटनायक ने अपनी साइकिल को ही रोजगार का साधन बना लिया। वे आसपास के गांवों, ढाबों और होटलों से फेंकी हुई प्लास्टिक बोतलें, कांच, कागज और गत्ता एकत्र कर साइकिल के माध्यम से एमआरएफ प्लांट तक पहुंचाने लगे। धीरे-धीरे यह प्रयास उनकी नियमित आय का स्रोत बन गया। आज वे प्रतिदिन 500 से 600 रुपये तक अर्जित कर रहे हैं, जिससे उन्हें अपने गांव में ही सम्मानजनक रोजगार मिल गया है। अब उन्हें दूसरे राज्य में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### डॉ. ईश्वर को मिली भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की कमान



**बासनवाही।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन ने डॉ. ईश्वर जैन को एक बार फिर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर पुनः विश्वास जताए जाने से स्थानीय कार्यकर्ताओं और चिकित्सा जगत से जुड़े भाजपा समर्थकों में उत्साह की लहर है। नियुक्ति के पश्चात डॉ. ईश्वर जैन ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने मुझे पुनः इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के योग्य समझा।

### युवक ने लगाई फांसी कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांततर्गत पीव्ही 7 न्यू कालोनी कापसी निवासी 25 वर्षीय अंकुश सेन पिता समर सेन ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। न्यू कालोनी कापसी निवासी समर सेन ने पुलिस को बताया कि 22 फरवरी को मृतक ने खड़ी बस के अंदर फांसी लगा लिया। किस कारणों से फांसी लगाया यह फिलहाल पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**बैठक :** आयोग ने योजनाओं के क्रियान्वयन और स्वरोजगार पर की समीक्षा

# राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रूपसिंह मण्डावी ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी ली तथा उन्हें शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने तथा सरकार की मंशानुसार शासन की जमीनी स्तर पर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश करने हेतु निर्देशित किया।

- कमार जनजाति की बांसशिल्प कला को संरक्षित करने और स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने विभागवार एवं एजेंडावार केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने एट्रोसिटी एक्ट के तहत पंजीबद्ध प्रकरणों तथा वर्तमान स्थिति के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ लेने से न छूटे, इसके लिए अधिकारी अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित करें और आवश्यक दस्तावेज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत प्रयास करें। सभी आश्रम व छात्रावासों का सतत निरीक्षण कर वहां की वास्तविक वस्तुस्थिति से अवगत होने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को दिए। आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम दलदली में एवं भीमाडीह में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के कमार परिवारों के सदस्यों द्वारा उनके पारंपरिक व्यवसाय बांसशिल्प के उत्कृष्ट कलाकृति के संबंध में जानकारी ली। कमार जनजातियों की इस कला को संरक्षित एवं संवर्धित करने पर जोर देते हुए उनके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी वन को दिए और साथ ही वन अधिकार मान्यता पत्र के लंबित प्रकरणों एवं उनकी स्थिति की जानकारी ली। सहायक आयुक्त ने बताया कि धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के 552 गांवों में निवासरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदाय किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोग के अध्यक्ष ने जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की ओर से दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के ग्राम चिहरो निवासी कुलेश्वर प्रसाद कोरटिया को आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत 2 लाख रूपए के ऋण पर 10 हजार रूपए की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया।


### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, जनपद पंचायत अंतागढ़ अध्यक्ष मनोरमा मण्डावी सहित आयोग के सचिव पवन नेताम, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, एसडीएम अरूण वर्मा एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।*

# सड़क दुर्घटना में चालक की मौके पर ही हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बड़गांव थानांतर्गत मंडावी चौक के आगे पखांजुर से भानुप्रतापपुर मेन रोड में दो बाइक के बीच भिडंत हो गया। हादसे एक वाहन चालक को गंभीर चोट आने से उसका दर्दनाक मौत हो गया। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बड़गांव थाना में शिकायत करने पहुंचे 22 वर्षीय राजेश पोटाई ने पुलिस को बताया कि 23 फरवरी को दोपहर ग्राम पित्तेगुडुम से धनाजी हुर्रा अपने स्वयं के मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4954 से कोण्डे का मुर्गा बाजार गया था। जो मुर्गा बाजार देखने के बाद मोटर सायकल से ग्राम कोण्ड़े से अपने घर ग्राम पित्तेगुडुम के लिए निकला था। शाम करीबन 7 बजे ग्राम बड़गांव के मंडावी चौक के पास पहुंचा ही था, उसी समय विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन चालक के द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक लहराते हुए आगे मोड़ है जानते हुए भी साईड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मोटर सायकल सवार वाहन सहित जमीन पर गिरने से सिर व पैर में गंभीर चोंट आने से मौके पर ही फौत हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



- अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी

# बादल में धान उठाव ठप, 44 हजार क्विंटल खुले में पड़ा होने से किसानों की बढ़ी चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बादल में धान उठाव नहीं होने से किसानों और समिति प्रबंधन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम की अनिश्चितता और प्रशासनिक सुस्ती के कारण खरीदा गया धान खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है, जिससे खराब होने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

- नरहरपुर में धान उठाव में देरी
- परिवहन और गोदाम की कमी से किसानों को नुकसान का खतरा

जानकारी के अनुसार समिति द्वारा अब तक लगभग 44,000 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक मात्र 960 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। यानी खरीदी गई कुल उपज का बहुत ही छोटा हिस्सा ही परिवहन हो सका है। बाकी धान खुले में पड़ा हुआ है, जो बारिश, नमी और अन्य प्राकृतिक कारणों से नुकसान की आशंका में है। स्थानीय किसानों का कहना है कि उन्होंने शासन की व्यवस्था पर भरोसा कर अपनी फसल समिति में बेची, लेकिन समय पर उठाव नहीं होने से अब चिंता सता रही है। कई किसानों ने बताया कि अगर अचानक बारिश हो जाती है तो धान की गुणवत्ता प्रभावित होगी, जिसका सीधा असर उनकी मेहनत और आमदनी पर पड़ेगा। समिति प्रबंधन का कहना है कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धान उठाव के लिए कई बार अवगत कराया है, लेकिन अब तक पर्याप्त परिवहन व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई है।

### तिरपाल की हुई व्यवस्था, कोई स्थाई समाधान नहीं

*गोदाम में जगह की कमी और परिवहन साधनों की अनुपलब्धता को भी देरी का एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। मौसम विभाग द्वारा समय-समय पर बदलते मौसम के संकेत दिए जा रहे हैं, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर बनती जा रही है। खुले में रखे धान को सुरक्षित रखने के लिए तिरपाल आदि की व्यवस्था की गई है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। यदि जल्द उठाव नहीं हुआ तो बड़ी मात्रा में धान खराब होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।*

# नोटिस का जवाब देने कर्मचारियों का संघ पहुंचा सीएमएचओ ऑफिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

कांकेर जिले के सभी ब्लॉक के लोकेटेड पीएचसी के आरएचओ संवर्ग के कर्मचारियों को जिला सीएमएचओ के द्वारा ऑनलाइन एंट्री संबंधित नियम विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और जिसका जवाब कार्यालय पहुंच कर देने को कहा गया था, जिस संबंध में जिले के वे सभी कर्मचारी जिन्हे नोटिस जारी किया गया था।

उक्त नोटिस का जवाब देने सभी कर्मचारी 23 फरवरी को विभाग प्रमुख सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे। कर्मचारियों ने अपने जवाब में शासन के द्वारा जारी किए गए कार्य दायित्वों की दिशा निर्देश साथ अपना जवाब सीएमएचओ के समक्ष प्रस्तुत किया। मीडिया से बात करते हुए कर्मचारियों के द्वारा जानकारी देते हुए बताया की सीएमएचओ के द्वारा दबाव पूर्वक अन्य कैडर के कर्मचारियों का कार्य आरएचओ से कराया जा रहा है। जबकि उपरोक्त कार्यों के लिए अलग अलग कैडर के कर्मचारी पदस्थ है। अलग कैडर का कार्य नहीं करने पर कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिश किया गया है, इसलिए कर्मचारियों ने अपने जवाब में शासन के द्वारा जारी किए गए कार्य दायित्वों की दिशानिर्देश साथ अपना जवाब प्रस्तुत किया और हम सभी कर्मचारी सीएचएमओ के रवैया से मानसिक रूप से परेशान है। इस संबंध में सीएचएमओ आरएस ठाकुर से पूछने पर उन्होंने बताया आरएचओ को जो कार्य दिए गए हैं वह शासन स्तर के ह। शासन के दिशा निर्देश अनुसार कार्य दिए गए हैं, जिसको करना शासकीय कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। अगर कार्य समय पर नहीं होता है तो शासन के देश का निर्देश अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

# भानबेड़ा में कांग्रेस ने तैयार की विकास और संघर्ष की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानबेड़ा मंडल कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित मासिक बैठक में संगठनात्मक उत्साह और कार्यकर्ताओं की जोशीली भागीदारी देखने को मिली। नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी के प्रथम आगमन पर मंडल अध्यक्ष सुनाराम तेता के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, पटाखों और नारों के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर नवनियुक्त पांचों सेक्टर प्रभारियों का चंदन, गुलाल, फूल-माला एवं कांग्रेस गमछा पहनाकर सम्मान किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह उत्सवमय बन गया।

- संगठन ने दिखाई एकजुटता, मासिक बैठक में पहुंचे

आयोजित बैठक में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रमुख मुद्दो पर गहन चर्चा हुई। मनरेगा बचाओ अभियान की समीक्षा करते हुए वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर कानून में संशोधन कर महात्मा गांधी के नाम और मूल भावना को कमजोर करने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे प्रत्येक जॉब कार्डधारी तक सही जानकारी पहुँचाएँ और हर पोलिंग बूथ स्तर पर मनरेगा कार्यक्रम आयोजित कर आंदोलन को निरंतर आगे बढ़ाएँ। एसआईआर मतदाता सूची के भौतिक सत्यापन को लेकर सभी बूथ अध्यक्षों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटे नहीं, इस पर विशेष जोर दिया गया तथा 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं के नाम जोड़ने का आह्वान किया गया। संगठनात्मक सृजन के तहत वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं, मंडल व सेक्टर अध्यक्षों के साथ मिलकर दस दिवस के भीतर नई पोलिंग बूथ कार्यकारिणी गठन करने तथा पंचायत स्तर पर पंचायत कमेटी अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। धान खरीदी को लेकर किसानों को हुई असुविधाओं की भी समीक्षा की गई और प्रत्येक खरीदी केंद्र की स्थिति पर चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने और संगठन को पोलिंग बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं महिला पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिससे यह बैठक संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

**ये हुए शामिल**–आयोजित बैठक में मुकेश चंद्राकर, राजकुमार दर्रो जनपद सदस्य, प्रदीप कोरेटी, ममता ठाकुर सरपंच भानबेड़ा, हिंसाराम भुरकुरिया सेक्टर प्रभारी, खेमलाल साहू उपसरपंच, नरेश जयसवाल, देवनारायण बंजारा,कृष्णा पोटाई, प्रमोद कुमार कोमरे, अशोक कोरेटी, नारद चालकी, नारद नरेटी, राजकुमार तेता,सूरज नरेटी, मन्नाराम परचापी, गणेश कोरचा, लता चौरे, रजवतीन नुरेटी, मायाराम टेकाम, जय सिंह भुआर्य, देवसाय दर्रो, मेहर तेता, अनुराग शर्मा, रामकुमार गावड़े, सहदूर पुरामे, संतोष दर्रो, हलाल नुरेटी, रमेश सलाम, घनश्याम नेताम, कंवल बघेल, ज्वाला प्रसाद, प्रवीण जैन, बैसाख उयके, गंगाराम परचापी आदि उपस्थित थे।

# एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, राष्ट्र की गरिमा के खिलाफ : टेकेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

नई दिल्ली राजधानी स्थित भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट जैसे वैश्विक महत्व के कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन को लेकर सियासी विवाद गहरा गया है। इस घटनाक्रम पर भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे राष्ट्र की गरिमा और अंतरराष्ट्रीय मंच की मर्यादा के खिलाफ बताया है। भाजपा मंडल सरोना के अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने जारी बयान में कहा कि जब पूरी दुनिया भारत की तकनीकी क्षमता, डिजिटल नवाचार और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका को देख रही थी, उसी समय इस प्रकार का प्रदर्शन देश की छवि को धूमिल करने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कृत्य सुनियोजित तरीके से भारत की उपलब्धियों को कमतर दिखाने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश को असहज करने का प्रयास प्रतीत होता है। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन विरोध की आड़ में अशोभनीयता और अराजकता फैलाना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। उनके अनुसार राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में इस प्रकार की गतिविधियां न केवल कार्यक्रम की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक मर्यादाओं के भी विपरीत हैं। भारत आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में जब देश वैश्विक निवेश, सहयोग और नवाचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है, तब इस प्रकार के प्रदर्शन से गलत संदेश जाता है।



- एआई समिट में अर्धनग्न प्रदर्शन पर सियासी विवाद तेज

### भाजपा मंडल ने की कार्रवाई की मांग

भाजपा मंडल सरोना ने कांग्रेस नेतृत्व से इस घटना पर तत्काल स्पष्टीकरण देने की मांग की है और साथ ही संबंधित कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई और सार्वजनिक माफी की भी मांग की गई है। बयान में कहा गया है कि यदि इस मामले में उचित कदम नहीं उठाए गए तो जनता लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देने के लिए सक्षम है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते हुए सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

किसानों की विभिन समस्याओं को लेकर कोयलीबेड़ा में किसान न्याय जनसभा का आयोजन आम आदमी पार्टी द्वारा किया गया। आयोजित इस जनसभा में किसान ग्रामीण एवं पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए और समस्या खुलकर रखें। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष देवलाल नरेटी ने कहा प्रदेश का किसान आर्थिक संकट से गुजर रहा है, इन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों से किए गए कई वादों को पूरा करने में असफल रही है किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। समर्थन मूल्य की प्रक्रिया में कई तरह के दिक्कतें आ रही है खाद बीज समय पर उपलब्धता भी सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है उन्होंने कहा यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। कई ग्रामीणों ने सदस्यता लिया।



- किसान न्याय जनसभा में उठी उपज और आर्थिक संकट की समस्याएं

### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में संगीता आचले, यामिनी कोमरा, सुरेंद्र उइके, सुरेंद्र कड़ियाम, कारण उइके, सुनहेर हिडको, किशोर कोवाची, मनोज मंडावी, नकुल कोमरा, मानकु पोटाई सहित क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# भागवत बने भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार के तहत जिले में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में भीमाडीही दुधावा निवासी वरिष्ठ कार्यकर्ता भागवत जैन को भाजपायुवा मोर्चा का जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। भागवत जैन लंबे समय से पार्टी की विचारधारा से जुड़े रहे हैं और विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। वे पूर्व में मंडल स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। जिलाभाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष संजुगोपाल साहू के द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में विश्वास व्यक्त किया गया है कि भागवत जैन अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता के बल पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे तथा आगामी कार्यक्रमों और अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करेंगे।





